हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 194 देहरादून, बृहस्पतिवार, 25 जनवरी, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



26 जनवरी की परेड में दिखेगी राम मंदिर की झलक 3

# आसान शब्दों में निकाले सरकारी आदेश : धामी

## शीर्ष प्राथमिकता हो जनता की शिकायतों का समाधान : सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन 1905 के सम्बंध में समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए कि लोगों की शिकायतों का अधिक से अधिक समाधान हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि मार्च 2024 तक हम 80 प्रतिशत शिकायतों का समाधान कर सकें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सीएम दर्पण डैशबोर्ड 2.0 का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि जितने भी सरकारी आदेश निकाले जाते हैं, उस समय यह जरूर सुनिश्चित किया जाए कि यह सरल शब्दों में हों ताकि आमजन को इन्हें समझने में दिक्कत न हो।



**मार्च 2024 तक 80 प्रतिशत शिकायतों के समाधान का दिया लक्ष्य**

■ सरकारी कार्यालयों व व्यावसायिक भवनों में अनिवार्य हो सोलर पैनल

9 मई 2023 से 22 जनवरी 2024 तक कुल 95573 शिकायतें पंजीकृत हुई, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत शिकायतों का समाधान संतोषजनक रूप से किया गया। मुख्यमंत्री ने संतुष्टि जताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्च 2024 तक हमारा लक्ष्य 80 प्रतिशत शिकायतों के समाधान का होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी भी होती हैं जिनका कई बार व्यवहारिक रूप से समाधान तलाशने के बावजूद निस्तारण नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग शिकायतकर्ता से संवाद अवश्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी शिकायत को एकतरफा बंद न किया जाए। किसी भी शिकायत को बंद करने से पहले शिकायतकर्ता को पूरी तरह से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे सभी कार्मिकों को ओनरशिप लेकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में जो भी लोग कार्य कर रहे हैं वे शिकायतकर्ता को अच्छी तरह से अटेंड करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों के सचिव नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा करें।

देहरादून जनपद द्वारा सर्वाधिक 52.93 प्रतिशत जबकि चमोली जनपद में 35.06 प्रतिशत एवं हरिद्वार में 34.77 प्रतिशत लोगों से संवाद किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि सीएम हेल्पलाइन पर अब अधिकारियों द्वारा जनता से संवाद हेतु क्लिक टू कॉल की सुविधा के अतिरिक्त समीक्षा बैठक कार्यवृत्त को सीएम हेल्पलाइन पर अपलोड करने की सुविधा, मुख्यमंत्री संदर्भ पोर्टल के प्रयोग के लिए आईडी एवं पासवर्ड का निर्माण एवं प्रशिक्षण का कार्य कर दिया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री जनसमर्पण तहसील दिवस पोर्टल को शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 1 करोड़ लोगों के लिए सोलर पैनल योजना शुरू करने का जिक्र करते हुए निर्देश दिए कि राज्य सचिवालय से लेकर तमाम सरकारी कार्यालयों में सोलर पैनल को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बड़े व्यावसायिक भवनों में भी इसकी अनिवार्यता के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए समस्त प्राधिकरणों को निर्देश दिए कि नक्शा पास करते समय इसका बखूबी पालन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे हम काफी ऊर्जा की बचत कर सकेंगे।



# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मेधावी बालिकाओं को किया सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 25 जनवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 'मेधावी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन' कार्यक्रम के तहत मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया। जनपद स्तर पर इंटरमीडिएट और हाईस्कूल में प्रत्येक जनपद से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं और विकासखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मार्ट फोन देकर पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वर्ष 2022 और 2023 की टॉपर 318 बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग का 'परिवर्तन पोर्टल' लॉन्च किया और बालिका निकेतन, देहरादून की बालिकाओं को चन्द्रयान की अनुकृति भी भेंट की।



**मेधावी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन' के तहत टॉपर 318 बालिकाओं को किया पुरस्कृत**



**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 'परिवर्तन पोर्टल' किया लॉन्च**

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी बेटियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश की अपनी सभी बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी तरह से कटिबद्ध हैं। हमारी बेटियों के साथ अन्याय करने वालों की उत्तराखण्ड और हमारे समाज में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान उनका अपमान है। ऐसा करने वालों के खिलाफ वे कठोरतम कार्रवाई करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां हमारी शान, मान और अभिमान हैं। महान वीरांगना तीलू रौतेली से प्रारंभ होने वाली हमारे प्रदेश की वीर नारियों की सूची में टिंचरी माई, गौरा देवी, चन्द्रप्रभा ऐतवाल, गंगोत्री गर्ब्याल और बछेंद्री पाल जी तक ऐसे अनेकों नाम हैं, जिन्होंने हर चुनौती को छोटा साबित करते हुए कुप्रथाओं को तोड़ने और आत्म सम्मान से जीवन जीने की राह समाज को दिखाई है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना एक अलग मुकाम बनाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न योजनाएं हमारी बेटियों को और अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान कर रही हैं। राज्य सरकार ने हाल ही में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया है। पहले पहाड़ में बेटियों के जीवन का दूसरा नाम ही संघर्ष था, लेकिन अब दृश्य बदल रहा है और हमारे सीमान्त गांवों की बेटियां भी अपने सपनों को साकार कर रही हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के मूलमंत्र को लेकर राज्य सरकार ने भी बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, स्वास्थ और कौशल विकास तक के लिए विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की हैं जिनमें महालक्ष्मी किट योजना, खुशियों की सवारी योजना, नंदा गौरा योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तराखंड की हर बेटी सशक्त हो, सबल हो और प्रदेश के समग्र विकास में बराबर की भागीदार हो। उन्होंने कहा कि वे एक अभिभावक की तरह हमेशा प्रदेश की बेटियों के साथ रहेंगे।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने पुरस्कार प्राप्त करने वाली सभी बालिकाओं को शुभकामना देते हुए कहा कि आज बालिकाओं के प्रति लोगों का दृष्टिकोण बदल रहा है। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में बेटियां नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लोहाघाट में गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज खोला जा रहा है।

इस अवसर पर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास हरि चन्द्र सेमवाल, निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास प्रशांत आर्य, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी मोहित चौधरी एवं मेधावी बालिकाओं के अभिभावक उपस्थित थे।

# अयोध्या में उमड़ा जन सैलाब, टूटेगा वर्ल्ड रिकार्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , 500 सालों के इंतजार के बाद बने अयोध्या में राम मंदिर को लेकर भक्तों में ऐसा उत्साह और भक्ति भाव है कि अब प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद भगवान राम लला के दर्शनों के लिये भारी भीड़ उमड़ रही है। प्राप्त हो रही जानकारी के अनुसार राम लला के दर्शन के लिये पूरे भारत के अलावा दुनिया भर के देशों से जो भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है उसके देखते हुये सुरक्षा व्यवस्था और मंदिर की व्यवस्था में लगे प्रशासन के हाथ पांव फूल रहे हैं। लोगों का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि उसे देखकर आश्चर्यजनक दृश्य देखने को मिल रहा है। लोगों में राम के दर्शनों के लेकर ऐसी बैचेनी है कि हर व्यक्ति दर्शन के लिये बेताव है।

राम मंदिर को आम लोगों के दर्शन के लिये खोला गया है। लोगों का कहना है भगवान के दर्शन करना आलौकिक अनुभव है। राम लला के दर्शन करने में सफल हुए भक्त अपने भाव तरह तरह से व्यक्त कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि यह अद्भुत है, किसी का कहना है कि यह हमारी 500 सालों का इंतजार का फल है तो किसी का कहना है कि प्रधानमंत्री, योगी और हजारों हजार राम भक्तों, कार सेवकों, साधु संतों के बलिदान का यह परिणाम है कि आज हमें राम भगवान के दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा है। हमारे लला अब टाट से ठाठ के साथ अब इस दिव्य मंदिर में विराजेंगे।






एक अनुमान के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि एक साल के अंदर अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ से अधिक हो सकता है, जो कि पूरे विश्व में किसी भी धार्मिक स्थान पर पहुंचने वाला आंकड़े से कहीं ज्यादा होगा। एक जानकारी के अनुसार मक्का में सालाना 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं तो वेटिकन सिटी में पहुंचने वालों का आंकड़ा 90 लाख को ही छू पाता है। यदि देश के धार्मिक स्थलों में पहुंचने वाले भक्तों की बात करें तो काशी विश्वनाथ मंदिर में दो सालों के रिकार्ड है कि वह लगभग 13 करोड़ रुपये पहुंचे हैं।

इसके अतिरिक्त अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, दक्षिण आस्था के केंद्र तिरूपति बाला जी और वैष्णों देवी मंदिर जैसे स्थानों से भी ज्यादा लोगों के यह पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि राम मंदिर में भक्तों का सैलाब दुनिया भर के धार्मिक स्थलों में पहुंचने वालों के आंकड़ों के मामले विश्व रिकार्ड बना सकता। गौरतलब है कि राम मंदिर का निर्माण 2022 में चल ही रहा था। तब भी अयोध्या में 2.21 करोड़ लोग पहुंचे थे। इससे समझा जा सकता है कि आने वाले दिनों में क्या आंकड़ा हो सकता है। 10 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है, जो पूरी इंडस्ट्री के लिए उत्साह बढ़ाने वाला है। अयोध्या में होटल इंडस्ट्री, इन्फ्रास्ट्रक्चर और एफएमसीजी कारोबार में भी तेजी से उछाल आने की उम्मीद है। बड़े पैमाने पर अयोध्या में काम चल भी रहा है। सड़कों, होटलों, स्टेशन, बस अड्डा और एयरपोर्ट समेत तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं और बहुत सी चीजें संवर भी रही हैं। ऐसे में अयोध्या आस्था के साथ ही बिजनेस का भी हब बन सकता है।

# Online Loan लेने का है प्लान, इन तरीकों को अपनाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , पैसे की जरूरत कभी भी किसी भी व्यक्ति को पड़ सकती है। ऐसे में लोन के माध्यम से आप इसे आसानी से पूरी कर सकते हैं। पहले के समय में लोन लेने के लिए बैंकों में जाना पड़ता था, लाइन में खड़ा होना पड़ता था और एक लंबी कागजी कार्रवाई हुआ करती थी, लेकिन अब वह दौर बदल चुका है और इस बदलते दौर में आपको घर बैठे लोन प्राप्त हो सकता है, क्योंकि इस तकनीकि दौर में बड़ी संख्या में ऑनलाइन लोन एप्लीकेशन उपलब्ध हैं।

लेकिन आज के समय में किसी भरोसेमंद लोन कंपनी तक पहुंचना एक कठिन काम है, क्योंकि डिजीटल युग मे इतने लोन ऐप आ गए हैं। जहां भरोसेमंद लोन ऐप को चुनना थोड़ा मुश्किल काम हो गया है। अब सवाल ये उठता है कि कैसे एक सुरक्षित लोन ऐप का प्रयोग करके आप लोन ले सकते हैं।

ऐप से लोन लेते समय रहें सावधान

अगर आप किसी भी ऑनलाइन ऐप के माध्यम से लोन लेने के लिए सोच रहे हैं तो इस बात ख्याल रखें कि वह आरबीआई से रजिस्टर्ड हो, जिससे किसी भी गड़बड़ी से बचा जा सके। आज के समय में कई ऐसे लोन ऐप मौजूद हैं जो कि आरबीआई के पास पंजीकरण कराए बिना लोन दे रहे हैं। बाद में वसूली के लिए अवैध तरीके अपनाते हैं।

लोन फ्रॉड से बचना है तो इन बातों का खास रखें ध्यान

आपके मैसेज में कोई लिंक आए तो उसे ध्यान से और सोच समझ कर क्लिक करें, अगर आपको कुछ गड़बडी लगे तो उसे भूलकर भी क्लिक न करें, यह बड़ी गड़बड़ी की शुरुआत हो सकती है।

ऐप से लोन लेते समय फोन या मैसेज में कोई भी गोपनीय जानकारी मांगी जाए तो न दें।ऑनलाइन लोन के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करेंअपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी को भी साझा ना करें ।

ऐसे ईमेल को न खोलें जिनके बारे में आपको पता न हो और ऐसी लिंक पर क्लिक करने से या अटैचमेंट डाउनलोड करने से आपके कंप्यूटर या स्मार्टफोन में वायरस आ सकता है या आपके साथ धोखाधड़ी हो सकती है।

इसके अलावा यह हमेशा ध्यान रखें कि कोई बैंक/एनबीएफसी/फिनटेक अधिकारी आपसे कभी भी पासवर्ड, नई बैंकिंग जानकारी, एटीएम पिन जैसी गोपनीय जानकारी नहीं मांगता है। उम्मीद है कि आप ये सब जानकारी पढ़ कर सावधानी बरतते हुए ऑनलाइन ऋण लेंगे और किसी धोखाधड़ी या फर्जी लोन एप्लीकेशन के जाल में नहीं फंसेंगे।



# FD गिरवी रख लेने जा रहे हैं लोन, समझ लें ये नियम व शर्तें, फायदे में रहेंगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , एफडी गिरवी रख कर उधार लेना लोन लेने के सबसे आसान तरीकों में से एक है। इसका सबसे फायदा यह है कि अगर आपकी कोई क्रेडिट हिस्ट्री नहीं या आपका क्रेडिट स्कोर खराब है तो भी आपको आसानी से लोन मिल जाता है। लेकिन एफडी गिरवी रखकर लोन लेने से पहले कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए।

ब्याज दर

बैंक की ओर से एफडी गिरवी रखकर आसानी से लोन दिया जाता है। एफडी पर ज्यादातर बैंकों द्वारा 0.75 प्रतिशत से लेकर 2 प्रतिशत तक का लोन दिया जाता है। अगर कोई बैंक इससे ज्यादा ब्याज पर एफडी पर लोन दे रहा है तो दूसरे बैंक में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

लोन राशि

एफडी गिरवी रखकर लोन देने में बैंक का रिस्क काफी कम होता है। इस कारण से ज्यादातर बैंक एफडी राशि का 85 प्रतिशत तक पर लोन ऑफर करते हैं। इस वजह से कोशिश करनी चाहिए कि बैंक आपको ज्यादा से ज्यादा एफडी राशि पर लोन दे।

गारंटर

एफडी लोन एक सिक्योर्ड लोन है। इस वजह से किसी भी प्रकार के कोई गारंटर की आवश्यकता नहीं होती है। इस वजह से एफडी लोन पर्सनल लोन, कार लोन और होम लोन की अपेक्षा अधिक तेजी से मिल जाता है।

लोन प्रोसेसिंग

एफडी लोन में सभी बैंकों की अलग-अलग पॉलिसी होती है। इस वजह से हमेशा लोन लेते समय कम लोन प्रोसेसिंग फीस या शून्य प्रोसेसिंग फीस वाले बैंकों को वरियता देनी चाहिए।

रिपेमेंट

अन्य लोन की तरह यहां पर भी आपको नियम व शर्तों को पढ़ लेना चाहिए। रिपेमेंट हमेशा एफडी की मैच्योरिटी अवधि से पहले होना चाहिए। जल्दी रिपेमेंट के दौरान बैंक की ओर से किसी भी प्रकार का कोई चार्ज नहीं लिया जाना चाहिए।



# 26 जनवरी की परेड में दिखेगी राम मंदिर की झलक




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , आने वाली 26 तारीख को भारत अपना 75वां गणतंत्र दिवस (Republic Day 2024) मनाने जा रहा है. हर साल की तरह इस बार भी देश के सभी राज्य अपनी-अपनी झांकी पेश करेंगे, लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश की झांकी देखने लायक होगी. क्योंकि यह 'विकसित भारत समृद्ध विरासत' की थीम पर आधारित है. झांकी की ट्रेलर पर इस बार प्रदेश के विभिन्न विरासत की झलक दिखाई जाएगी, जिसमें प्रभु श्री राम मंदिर और उसके ऊपर विराजे बालक भगवान राम की प्रतिमा होगी.

झांकी की ट्रेलर पर दिखेगी राम मंदिर की झलक

इस गणतंत्र दिवस पर यूपी टीम की तरफ से खास झांकी पेश की जा रही है. इसमें राज्य के विरासत के साथ-साथ विकास की झलक भी देखने को मिलेगी. जानकारी के अनुसार, प्रदेश की झांकी में सबसे आगे राम मंदिर (Ayodhya Ram Mandir) में भगवान रामलला की मूर्ति होगी. फिर उसके ठीक पीछे ट्रेलर पर कलश के प्रतीक के साथ दो साधुओं को दिखाया गया है.

महाकुंभ मेला और नमो भारत ट्रेन

इसके अलावा झांकी की ट्रेलर पर साधुओं की झलक प्रयागराज में होने वाले माघ मेले व 2025 में होने वाले महाकुंभ के प्रतीक हैं. इसके ठीक पीछे हाल में शुरू हुई दिल्ली से मथुरा के बीत शुरू की गई दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर, जिसका नाम बदल कर 'नमो भारत' कर दिया गया है, उसकी भी झलक दिखाई जाएगी.

जेवर एयरपोर्ट की भी लगेगी तस्वीर

यही नहीं गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित होने वाली उत्तर प्रदेश की झांकी में अगली तस्वीर दुनिया के चौथे सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट 'जेवर' (Jevar Airport) की तस्वीर लगी होगी. मालूम हो कि जेवर एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के रूप में भी जाना जाता है, यह प्रदेश के गौतम बौद्ध नगर जिले में अवस्थित है.

अन्य खास झलक भी दिखाई जाएंगी

इसके बाद झांकी में नोएडा में बनी एशिया की सबसे बड़ी 'मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री' और यूपी के मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का हब बनने के प्रतीक के तौर पर लिया गया है. इसके ठीक पीछे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 6 संचालित एवं 7 निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे वाले प्रदेश के एक्सप्रेसवे-प्रदेश बन जाने को भी दर्शाया गया है.

# केवल 1622 रुपये में फ्लाइट से पहुंचे अयोध्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , अयोध्या राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पूरी हो चुकी है। इस उत्सव को लेकर देश के साथ विदेश में भी खुशी का माहौल बना हुआ है। कल देश में दीवाली मनाई गई है देश के कोने-कोने से लोग राम मंदिर में दर्शन के लिए आ रहे हैं। ऐसे में स्पाइसजेट एयरलाइन ने इस पल को खास बनाने के लिए एक ऑफर का ऐलान किया है।

स्पाइसजेट ने अयोध्या के लिए सस्ते में फ्लाइट की ऐलान की है। कंपनी यह ऑफर देश के कई शहरों में शुरू करेगी। कंपनी ने इस ऑफर में 1,622 रुपये की फ्लाइट टिकट पेश किया है। कंपनी के अनुसार अब मुंबई-गोवा, दिल्ली-जयपुर और गुवाहाटी-बागडोगरा जैसे कई डॉमेस्टिक फ्लाइट की टिकट मात्र 1,622 रुपये में मिलेगी।

कब से शुरू है ऑफर

स्पाइसजेट का यह ऑफर 22 जनवरी 2024 से शुरू हो गया है और 28 जनवरी 2024 को खत्म हो जाएगा। इस ऑफर में आप 30 सितंबर 2024 तक के लिए फ्लाइट बुक कर सकते हैं। यह ऑफर केवल कुछ शहरों में शुरू किया गया है। इस ऑफर का लाभ पहले आओ-पहले पाओ के तहत सीट अलॉट की जाती है।आपको बता दें कि ग्रुप बुकिंग पर इसका लाभ नहीं मिलता है। इसके अलावा इस ऑफर को किसी और ऑफर के साथ मर्ज नहीं कर सकते हैं। अगर इस योजना के तहत टिकट कैंसिल करते हैं तो कैंसिलेशन चार्ज के साथ पैसे वापस आएंगे।

# हल्द्वानी : पुलिस चौकी में चल रहा था जुआ, दरोगा सहित पूरी टीम लाइन हाजिर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हल्द्वानी 25 जनवरी : पुलिस पर जुआरियों को पकड़ने की जिम्मेदारी है, लेकिन जब पुलिसकर्मी ही जुए की लत पाल लें तो कानून व्यवस्था भगवान भरोसे ही समझो। हल्द्वानी की एक पुलिस चौकी में यही हो रहा था। चौकी इंचार्ज और उनके साथी ड्यूटी छोड़कर जुआ खेल रहे थे। तभी एसपी सिटी हरबंस सिंह चौकी का निरीक्षण करने पहुंच गए। चौकी इंचार्ज और उनके साथी स्टाफ को एसपी सिटी ने जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ लिया।

मामले की शिकायत मिलने पर एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने भी अपने स्तर से जांच कराई, पुष्टि होने पर एसएसपी ने हल्द्वानी की पूरी लामाचौड़ रिपोर्टिंग पुलिस चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि बीती रात करीब दो बजे एसपी सिटी हरबंस सिंह मुखानी थाना क्षेत्र में औचक निरीक्षण पर निकले थे। जब वह लामाचौड़ रिपोर्टिंग पुलिस चौकी क्षेत्र में पहुंचे तो उन्हें सड़क पर कोई पुलिसकर्मी ड्यूटी करते नहीं दिखा। एसपी सिटी चौकी के अंदर पहुंचे तो चौकी इंचार्ज, चौकी के हेड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबल जुआ खेलते पाए गए।

अधिकारी को अचानक सामने खड़ा देखकर इन सभी पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। एसपी सिटी ने घटना के बारे में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा को बताया। जिसके बाद एसएसपी मीणा ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता के आरोप में चौकी इंचार्ज समेत अन्य पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, उनमें चौकी इंचार्ज सुनील गोस्वामी, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल शंकर सिंह, धीरज सुगड़ा और चालक कांस्टेबल सोबन सिंह शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### घने कोहरे के कारण ट्रक से टकराई कार, दो की मौत

रुद्रपुर। एनएच 74 सितारजंग रोड पर बीती रात एक फॉच्र्यूनर कार कोहरे के कारण आगे जा रहे ट्रक में घुस गई। जिसके चलते पीलीभीत जहानाबाद की नगर पंचायत अध्यक्ष ममता गुप्ता के पुत्र शिव गुप्ता समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक मामूली रूप से चोटिल हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकार सितारगंज कोतवाल किच्छा एवं कोलकाता पुलिस चौकी इंचार्ज दिनेश चंद्र भट्ट पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए को पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेजा गया है। मंगलवार रात्रि शिवा गुप्ता (24) पुत्र दुर्गा चरण गुप्ता निवासी मुख्य बाजार कटरा जहांनाबाद पीलीभीत, आसिफ (32) पुत्र जमील अहमद निवासी बायपास रोड नवाबगंज बरेली और एक अन्य व्यक्ति फ़ॉरचुनार पर सवार होकर किच्छा की ओर से सितारजंग की तरफ जा रहे थे। पिपलिया मोड़ के निकट उनकी कार चल रहे ट्रक में घुस गयी। इस घटना में कार की छत उड़ गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए सडक़ पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकार ओम प्रकाश शर्मा कोतवाल सुंदरम शर्मा और कोलकाता पुलिस चौकी इंचार्ज दिनेश भट्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना में शिवा और आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि तीसरा मामूली रूप से चोटिल हो गया। पुलिस ने शिवा और आसिफ को 108 एम्बुलेस के माध्यम से सीएचसी पहुचाया। यहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया।

### 1300 करोड़ से अधिक की लागत से बनी एनएच पर ऑलवेदर सडक़ की पहाड़ी को तिरपाल का सहारा

चम्पावत। केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट और चारधाम परियोजना के तहत 1300 करोड़ से अधिक की लागत से बनी ऑलवेदर सडक़ की पहाडियों को ट्रीटमेंट के नाम पर तिरपाल (सुरक्षा मैट) से सहारा दिया जा रहा है। जमीन में सुरक्षा दीवार लगाकर पहाड़ी को खड़ी बना दिया है। जिस पर अब सत्ता पक्ष के बाद कांग्रेस ने भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि बेवजह जनता के धन की बर्बादी कर सुरक्षित पहाडियों को डेंजर जोन का रूप दिया जा रहा है। चम्पावत जिला मुख्यालय से तीन किमी दूर तिलौन के पास इन दिनों ऑलवेदर सडक़ पर स्लोप ट्रीटमेंट का कार्य चल रहा है। वैसे तो पूरे एनएच में इस समय सुरक्षा दीवार और अन्य काम हो रहे हैं। लेकिन तिलौन में काम कर रही कंपनी ने ट्रीटमेंट को कांग्रेस ने लाखों करोड़ों रुपये खपाने का प्रोजेक्ट बताया है। पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल का कहना है कि ट्रीटमेंट के नाम पर सुरक्षित पहाड़ी पर अनियोजित विकास का काम किया जा रहा है। आरोप लगाया कि जबरदस्ती यहां पर लोहे के रॉड को कैमिकल के साथ पहाड़ी के भीतर ड्रिल किया जा रहा है। इससे तीन चार सौ मीटर की जो अब तक सुरक्षित पहाड़ी थी, उस पर भूस्खलन का खतरा बन गया है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद बडेला ने कहा कि दो महीने से एनएच पर मिट्टी डालकर यातायात को प्रभावित किया गया है। कहा कि तिरपाल डालकर पेड़ों की आड़ से पकड़ बनाई गई है। जिससे आने वाले मानसून सीजन में यहां पर पहली बार भूस्खलन होने के सौ फीसदी संभावना है।

### काशीपुर चीनी मिल की सीबीआई जांच की मांग

काशीपुर। हिंद मजदूर सभा के प्रदेशाध्यक्ष वेद प्रकाश विद्यार्थी ने एक फैक्ट्री समेत काशीपुर में बंद पड़ी चीनी मिल की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विद्यार्थी ने कहा कि 16 नवंबर 2013 से काशीपुर चीनी मिल को सील कर दिया गया था। आज तक भारत सरकार और राज्य सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। 75 मजदूर-कर्मचारी भूखमरी तथा बीमारी के कारण मर गए। 42 करोड़ रुपये का भुगतान आज तक मजदूरों को नहीं हुआ।

### चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह की सजा

काशीपुर। तृतीय अपर सिविल जज की अदालत ने चेक बाउंस के एक केस में सुनवाई करते हुए आरोपी को तीन माह की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। आस्था बीज कंपनी, काशीपुर के डायरेक्टर संदीप गोयल ने अपने अधिवक्ता शुभम सिंघल के माध्यम से न्यायालय में परिवाद दायर किया था कि मौर्य सीड्स के प्रोपराइटर अरुण कुमार मौर्य ने परिवादी की फर्म से 11.60 लाख रुपये का गेहूं का बीज उधार लिया था। भुगतान मांगने पर अरुण मौर्य ने परिवादी को इस राशि का एक चेक दिया। चेक भुगतान के लिए बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी को नोटिस भेजा। जवाब ने मिलने पर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में 138 एनआई एक्ट के तहत परिवाद दायर किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एसीजे तृतीय हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी अरुण कुमार मौर्य को तीन माह के कैद की सजा सुनाई है।

# नशा तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा : एसएसपी देहरादून



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 जनवरी : ₹ड्रग फ्री देवभूमि₹ के विजन को सार्थक करने के लिए दून पुलिस निरंतर प्रयासरत है। नशा तस्करों के विरुद्ध दून पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है, मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 के विजिन को साकार करते हुए जनपद को नशा मुक्त करने व नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के SSP देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए है। जिसके अनुपालन में दून पुलिस द्वारा लगातार नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

- अवैध मादक पदार्थों के साथ 04 नशा तस्कर आये दून पुलिस की गिरफ्त में
- अभियुक्तों के कब्जे से 01 किलो 20 ग्राम अवैध चरस तथा 8.5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

1- थाना सेलाकुई

620 ग्राम अवैध चरस के साथ 01 अभियुक्त को सेलाकुई पुलिस ने किया गिरफ्तारथाना सेलाकुई पुलिस के द्वारा चेकिंग के दौरान सेलाकुई क्षेत्र से एक व्यक्ति को 620 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध एन0डी0पी0एस0 एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# राम मंदिर आंदोलन में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया : मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 25 जनवरी : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भाजपा महिला मोर्चा द्वारा निष्काम सेवा ट्रस्ट हरिद्वार में आयोजित शक्ति वंदन महिला स्वयं सहायता समूह एवं NGO अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने का कार्य हो रहा है, वहीं मातृ शक्ति की प्रतिभा और कौशल से देश व दुनिया को परिचित कराने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य के निर्माण में मातृ शक्ति द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया नहीं जा सकता, मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज या किसी भी राष्ट्र का संभव नहीं है। राम मंदिर आंदोलन में भी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया था और आज उनके संघर्ष का ही परिणाम है कि रामलला मर्यादा नगरी अयोध्या में विराजमान हो चुके हैं। यह सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है।




उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो काम हो रहे हैं वह अभूतपूर्व हैं। प्रधानमंत्री ने हमारी माताओं और बहनों को घर, शौचालय, गैस, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं देने का कार्य किया है। मंत्री ने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश की बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा स्वयं सहायता समूहों की मदद से उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। आज देशभर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, उत्तराखंड में भी महिला स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। मंत्री ने कहा प्रदेश में करीब 64 हजार से अधिक समूह चल रहे, जिसमे 4 लाख से अधिक समूह की महिलाएं जुड़ी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्ष 2025 तक 1.25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में तैयार किये जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके सापेक्ष वर्तमान में 64877 लखपति दीदी तैयार की गयी है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने महिला मोर्चा के पदाधिकारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान भी किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने भी कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित किया।




इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, प्रभारी शक्ति वंदन कार्यक्रम लाजवंती झा, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, दर्जाधारी मधु भट्ट, मंडल अध्यक्ष अनामिका शर्मा, संयोजक विजय भट्ट,सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# 2 फरवरी से जनता के लिए खुलेगा अमृत उद्यान!

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से 31 मार्च 2024 तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। रखरखाव के लिए निर्धारित सोमवार के दिन को छोड़कर सप्ताह में शेष छह दिन जनता इस उद्यान को देखने जा सकती है।आगंतुकों को 1000 बजे से 1600 बजे के बीच छह घंटे के निर्धारित समय में भ्रमण की अनुमति होगी।

दो पूर्वाह्न स्लॉट (1000 बजे से 1200 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में 7,500 आगंतुकों और सप्ताहांत पर प्रत्येक स्लॉट में 10,000 आगंतुकों की होगी। दोपहर के चार स्लॉट (12:00 बजे से 16:00 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में प्रत्येक स्लॉट में 5,000 आगंतुकों और सप्ताहांत पर 7,500 आगंतुकों की होगी।



इसके लिए https://visit.rashtrapatibhavan.gov.in/visit/amrit-udyan/rE पर बुकिंग की जा सकती है। वॉक-इन आगंतुकों को सुविधा काउंटरों के साथ-साथ राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 12 के पास स्वयं सेवा केंद्र पर अपना पंजीकरण कराना होगा। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति संपदा के गेट नंबर 35 से होगा, जहां नॉर्थ एवेन्यू राष्ट्रपति भवन से मिलता है। आगंतुकों की सुविधा हेतु केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेगी।



भ्रमण के दौरान, आगंतुक बोनसाई उद्यान, संगीतमय फव्वारा, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन से गुजरेंगे। निकास स्थान पर उनके लिए फूड कोर्ट होंगे। आगंतुक मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, पर्स/हैंडबैग, पानी की बोतलें और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें ले जा सकते हैं। सार्वजनिक मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा/चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा।

# ओडिशा की लाल चींटी की चटनी को मिला GI Tag

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , दुनिया भर के समुदायों में सदियों से कीड़ों को खाद्य स्रोत के रूप में खाया जाता रहा है। ओडिशा के मयूरभंज जिले में, लाल चींटियों का उपयोग चटनी बनाने के लिए किया जाता है जिसे "काई चटनी" कहा जाता है। यह चटनी अपने औषधीय और पौष्टिक गुणों के लिए क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है। 2 जनवरी, 2024 को इस विशिष्ट स्वादिष्ट चटनी को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग से सम्मानित किया गया।




औषधीय और पोषण से भरपूर

दरअसल, लाल बुनकर चींटियों से बनी इस चटनी को मयूरभंज जिले के आदिवासियों का पारंपरिक व्यंजन है। ये लाल चींटियां मयूरभंज के जंगलों में पाई जाती हैं, जिनमें सिमिलिपाल के जंगल भी शामिल है। औषधीय और पोषण मूल्य से भरपूर इस चटनी को उड़ीसा के अलावा और भी दूसरे राज्यों के आदिवासी लोगों के द्वारा खाया जाता है।

अंडे का इस्तेमाल

इस चटनी को बनाने के लिए इसके अंडे का भी इस्तेमाल किया जाता है। ये स्वाद में काफी तीखी होती है. लाल चींटियों को लहसुन और हरी मिर्च के साथ पीसा जाता है। पहले चींटी और उसके अंडों बांबी से जमा किया जाता है। उसे पीसा जाता है और फिर सुखाया जाता है। सूखने के बाद उसे मुसल में फिर से पीसते हैं। टमाटर, धनिया, नमक और मिर्च डालकर इसकी चटनी बनाई जाती है।

प्रोटीन की है खान

अगर आपको लग रहा है कि आखिर कैसे लोग इस चटनी को खा लेते हैं, तो पहले पोषक तत्वों के बारे में जान लें। लाल चींटी की ये चटनी प्रोटीन की खान है। इसके कई औषधीय गुण हैं। इसमें मौजूद फॉर्मिट एसिड पेट की कई बीमारियों से बचाव करता है। साथ ही इसमें कैल्शियम और जिंक भी काफी मात्रा में पाया जाता है। एक्सपर्ट्स ने भी माना है कि ये चटनी कई बीमारियों से बचाव में मदद करता है।





# सावधान : राम मंदिर के नाम पर लोगों को क्यूआर कोड भेज रहे साइबर ठग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 जनवरी : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर तरफ हर्षोल्लास नजर आ रहा है। हर कोई रामलला के दर्शन करना चाहता है और लोगों की इसी चाह को साइबर ठगों ने अपना धंधा बना लिया है। कहीं लोग चंदे के नाम पर लुट रहे हैं तो कहीं उन्हें वीआईपी दर्शन का लालच देकर लूटा जा रहा है। आप भी सावधान रहें। अगर आपको कोई ऑनलाइन क्यूआर कोड भेजकर राम मंदिर निर्माण या प्रसाद वितरण, एंट्री पास दिलवाने के नाम पर पैसे भेजने के लिए कहे तो झांसे में न आएं।

ये ठगों का जाल हो सकता है। क्योंकि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते साइबर ठग भी लगातार सक्रिय हैं। ये ठग लोगों को मैसेज, क्यूआर कोड भेजकर पैसे की मांग कर रहे हैं। पुलिस और साइबर क्राइम सेल की टीम भी लोगों को सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से सचेत कर रही है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कहा कि साइबर ठगी से बचाव के लिए सबसे बड़ा उपाय सावधानी है।

ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए सावधानी बरतने के साथ ही जागरूक होना बेहद जरूरी है। पुलिस लगातार सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से लोगों को सचेत कर रही है। आपको जिन बातों का ध्यान रखना है, वो भी नोट कर लें। कोई राम मंदिर अयोध्या के नाम पर ऑनलाइन चंदा मांगे तो ध्यान न दें। अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर आए मैसेज का बिना सत्यापन के रिप्लाई न करें। सत्यापन किए बिना किसी को भी ऑनलाइन चंदा न दें। अगर साइबर ठगी का शिकार हो भी जाएं तो तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज करें, ताकि जालसाजों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके।




# महापुरुषों के जीवन को अवश्य पढ़े, मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 जनवरी : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पराक्रम दिवस के अवसर पर मंगलवार को अपने शासकीय आवास में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और आज़ाद हिन्द फौज के प्रणेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रिटायर्ड ब्रिगेडियर के.जी.बहल द्वारा लिखित सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर आधारित ?सुभाष चंद्र बोस ग्रेट पेट्रेट ?पुस्तक का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी। उन्होंने कहा आजादी की लड़ाई में नेताजी का अभूतपूर्व योगदान रहा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। साल 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाने का ऐलान किया था।

उन्होंने कहा सुभाष चंद्र बोस ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिंद, चलो दिल्ली जैसे ज्वलंत नारे से आजादी की लड़ाई को धार दी थी। मंत्री ने कहा आई.सी.एस. का पद ठुकरा कर देश सेवा को अपनाया और देश से बाहर जाकर सेना का गठन किया और अंग्रेजों के दांत खट्टे किए। उन्होंने कहा देश की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा सुभाष चंद्र बोस की जिंदगी और देश के लिए उनका त्याग और समर्पण हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणा देता रहेगा। मंत्री ने कहा महापुरुषों के जीवन को अवश्य पढ़े। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पद चिन्हों पर चलने का सभी से आह्वान भी किया। मंत्री ने कहा सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में देहरादून में एक स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए वह शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता करेंगे। उन्होंने प्रदेश वासियों को पराक्रम दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।



इस अवसर पर जनरल सम्मी सभरवाल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, ज्योति कोटिया, वरिष्ठ भाजपा नेता आर. एस.परिहार, सुरेंद्र राणा, पूनम नौटियाल,आनंद सिंह रावत, कर्नल बी.एम.थापा,कर्नल भंडारी, संध्या थापा, वंदना बिष्ट सहित कई लोग उपस्थित रहे



# साली सरहज संग छुट्टी मनाना है सर , अजब आवेदन Viral


न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , नए साल 2024 की पहली छुट्टी की अजब गजब चिट्ठी इन दिनों लोगों को खूब हंसा रही है। नए साल को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिलता है । इस बीच कामकाज वाले लोगों ने छुट्टी लेकर अपने परिवार और दोस्तों के साथ न्यू ईयर सेलीब्रेशन किया। लेकिन बिहार के एक शिक्षक ने नव वर्ष पर छुट्टी लेने के लिए अनोखा पत्र लिखा, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, शिक्षक ने अपनी साली के साथ नया साल मनाने के लिए प्रिंसिपल से छुट्टी की मांग की थी । सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस लेटर को लोग अब जमकर शेयर कर रहे ।

शख्स ने अपने पत्र में लिखा, उसे साली सरहज के साथ नया साल मनाने के लिए 1 जनवरी 2024 को छुट्टी चाहिए। 'मेरी अभी नई-नई शादी हुई है और ससुराल में कहीं मुझसे स्पष्टिकरण ना मांग लिया जाए, इसका डर है। अतः अनुरोध है कि मुझे उपर्युक्त विषय में अंकित दिनांक को आकस्मिक अवकाश प्रदान करने की कृपा करें ताकि मैं उस दिन अपनी साली सरहज के साथ सुखद अनुभव कर सकूं। इसके लिए मैं आपका सदा आभारी रहूंगा।' सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस लेटर को लोग अब जमकर शेयर कर रहे हैं। आप भी देखें ये वायरल लेटर।

लोगों का रिएक्शन वायरल

इस लेटर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर @BiharTeacherCan नाम के पेज से शेयर किया गया है। इस पोस्ट को अब तक हजारों पसंद कर चुके हैं। वहीं, कई यूजर्स ने इसपर फनी रिएक्शन भी दिया है। एक यूजर ने लिखा- ऐसे समय में परिवार की याद तो आती ही है। एक और यूजर ने लिखा- ससुराल में खातिरदारी अच्छी होती है। वहीं, एक और यूजर ने लिखा- जीजा को साली से लगाव होता ही है। काफी लोग इस पोस्ट को पसंद कर रहे हैं और अपने फनी रिएक्शन भी दे रहे हैं।





# क्या आप जानते हैं दुनिया में सबसे ज्यादा कैदी किस देश में हैं?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , भारतीय जेलों में कैदियों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है. कोरोना के समय स्थिति ऐसी हो गई थी कि कई कैदियों को सरकार ने पैरोल तक दे दी थी. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस दुनिया में किस देश की जेलों में सबसे ज्यादा कैदी बंद हैं. चलिए आज आपको इस आर्टिकल में इसी के बारे में विस्तार से बताते हैं.

क्या कहती है रिपोर्ट

इस पर स्टैटिस्टा रिसर्च ने जनवरी 2024 तक की एक रिपोर्ट तैयार की है. इस रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका की जेलों में सबसे ज्यादा 18 लाख लोग बंद हैं. हालांकि, अगर आप प्रति लाख व्यक्ति पर कैदियों के हिसाब से देखेंगे तो कुछ देश ऐसे भी हैं जो अमेरिका से भी ऊपर हैं. इनमें सबसे पहला नाम दक्षिण अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का है. इस देश में प्रति एक लाख व्यक्ति पर 1086 कैदी हैं.

भारत में कितने कैदी हैं?

नेशनल क्राइम रिकाईर्स ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट के मुताबिक, 31 दिसंबर 2021 तक भारतीय जेलों में कुल 5,54,034 कैदी बंद थे. इसमें से 22 फीसदी कैदी ऐसे थे जिनका दोष साबित हो चुका है. जबकि, भारतीय जेलों में बंद 77.1 फीसदी कैदी ऐसे हैं जो अंडरट्रायल हैं.



सबसे ज्यादा अंडर ट्रायल कैदी किस राज्य में हैं

2021 तक के एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि देश में सबसे ज्यादा अंडर ट्रायल कैदी उत्तर प्रदेश में हैं. 2021 तक यहां अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या 90,606 थी. वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर बिहार है. यहां अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या 59,577 थी. जबकि इस मामले में तीसरे नंबर पर महाराष्ट्र है जहां 2021 तक अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या 31,752 थी.

वहीं अंडर ट्रायल कैदियों की उम्र की बात करें तो इसमें 18 से 30 वर्ष के सबसे ज्यादा कैदी हैं. जबकि, इन कैदियों की शिक्षा की बात करें तो भारतीय जेलों में बंद अंडर ट्रायल कैदियों 25 फीसदी ऐसे हैं जो अनपढ़ हैं.तो भारतीय जेलों में बंद अंडर ट्रायल कैदियों 25 फीसदी ऐसे हैं जो अनपढ़ हैं.



# विधायक बागेश्वर पार्वती दास ने बागेश्वर बस डिपो का निरीक्षण किया

बागेश्वर , 25 जनवरी , बागेश्वर में निरीक्षण के दौरान विधायक पार्वती दास ने परिवहन कार्यालय मे अधिकरियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए समय पर गाड़ियों की फिटनेस, चालक अनुज्ञप्ति जैसे महत्वपूर्ण कागजों को समय पर बनाने व जनसुविधाओं को समय पर करने के लिए आदेशित किया एवं बागेश्वर बस डिपो का निरीक्षण के दौरान गाड़ियों के संचालन की जानकारी, बसों की संख्या, बस डिपो मे पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया व अधिकारियों को बसों की संख्या समय पर पूर्ण करने शौचालय की स्वछता का पर ध्यान देने एवं यात्रियों की सुविधा हेतु समय सारणी चस्पा करने के निर्देश दिए।

# अब पुलिस पर फायरिंग करने वाले हो जाए सावधान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 जनवरी : ए.पी. अंशुमान, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखंड ने बताया कि मुख्यालय स्तर पर समीक्षा से ज्ञात हुआ कि विगत 03 वर्षों में अपराधियों की तलाश/गिरफ्तारी तथा अन्य सरकारी कार्य के दौरान पुलिस पर फायरिंग की लगभग 27 घटनाएं घटित हुयी हैं, जिसमें 05 पुलिस कार्मिक चोटिल हुए हैं। इसी प्रकार थाना रायपुर जनपद देहरादून से सम्बन्धित अभियोग में वांछित अभियुक्त की मसूरी थाना क्षेत्रान्तर्गत गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त द्वारा 04 सदस्यीय पुलिस टीम में से एक उ0नि0 पर फायर करने की घटना में यदि पूर्ण तैयारी एवं सतर्कता से दबिश दी जाती तो पुलिस पर हुई फायर की घटना को रोका जा सकता था एवं मौके से ही अभियुक्त गिरफ्तार भी किया जा सकता था।

उपरोक्त क्रम में पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड के अनुमोदनोपरांत दबिश/गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम पर सम्भावित फायर/हमलों से बचाव हेतु समस्त जनपद/जीआरपी/STF प्रभारियों हेतु निम्नलिखित निर्देश निर्गत किये जाते हैं-

सामान्य निर्देश-

1. पुलिस लाईन में आवश्यक उपकरण बुलेट प्रुफ जैकेट, अस्त्र/शस्त्र/बुलेट तथा प्रोटेक्टिव गेयर आदि पर्याप्त मात्रा में रखे जायें।

2. पुलिस लाईन से जनपद के थानों में बुलेट प्रूफ जैकेट, अस्त्र/शस्त्र/बुलेट तथा प्रोटेक्टिव गेयर आदि उपकरण आवंटित किये जायें।

3. उपरोक्त उपकरणों का पुलिस लाईन एवं थानों में समय-समय पर निरीक्षण किया जाये।

4. सभी अस्त्र/शस्त्र हैण्डलिंग का प्रशिक्षण पुलिस लाइन एवं थानों में नियुक्त कार्मिकों को नियमित रूप से दिया जाए तथा इसमें अच्छा हैण्डलिंग करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाये।

5. आवश्यक रूप से सभी कार्मिकों को वार्षिक फायरिंग भी करायी जाये।

6. पुलिस लाईन एवं थाना आदि में नियुक्त कार्मिकों के अनुशासन तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाये।

दबिश से पूर्व की तैयारीः-

1. अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिश से पूर्व पर्यवेक्षण अधिकारी सहित उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित किया जाये तथा आवश्यक पुलिस बल को Short Range/Long Range अस्लाहों तथा बुलेट प्रूफ जैकेट के साथ ही दबिश हेतु रवाना किया जाये। टीम में कम से कम 04 सदस्य आवश्यकतानुसार पुलिस उपाधीक्षक/निरीक्षक/उप निरीक्षक के नेतृत्व में रखे जायें, जिनमें परिस्थिति के अनुसार वृद्धि की जाये।

2. दबिश में रवाना होने से पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अस्लाह एवं कारतूस कार्यशील स्थिति में हैं।

3. वांछित अपराधी के आपराधिक इतिहास के आधार पर पर्यवेक्षण अधिकारी स्तर से दबिश हेतु रवाना होने वाली टीम को अच्छी तरह से ब्रीफ किया जाये तथा कुशल/दक्ष कार्मिकों को ही टीम में सम्मिलित किया जाये।

4. यदि वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु अन्य थाना क्षेत्र में दबिश दी जानी हो तो सम्बन्धित थाना प्रभारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी से भी समन्वय कर स्थानीय पुलिस की मदद ली जाये।

5. गिरफ्तारी स्थल पर पहुंचने से पूर्व उसकी भौगोलिक स्थिति (Indoor/Outdoor)के अनुसार टीम लीडर द्वारा पूरी टीम को ब्रीफ कर क्षमता के अनुसार टास्क निर्धारित किया जाये।

6. गिरफ्तारी/दबिश टीम के सदस्यों तथा अस्त्र/शस्त्र/बुलेट का विस्तृत विवरण रोजनामचा आम (जी0डी0) में अंकित किया






जाये।

7. दिन/रात्रि दबिश के अनुसार आवश्यक तैयारियां की जायें।

8. मोबाइल लोकेशन आदि हेतु एसओजी/एसटीएफ से तकनीकी सहायता हेतु समन्वय किया जाये तथा आवश्यकता वायरलेस सेट का भी उपयोग किया जाये।

दबिश के उपरान्त गिरफ्तारी/घटना पर कार्यवाही-

1. दबिश पर अभियुक्त द्वारा हमला किए जाने की संभावनाओं के दृष्टिगत पूर्ण सतर्कता बरती जाये तथा लीड मेम्बर की सपोर्टिंग हेतु अन्य टीम सदस्य भी पूरी तैयारी के साथ रहें।



2. विशेषकर आपराधिक इतिहास वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी टीम से जनपदीय पुलिस प्रभारी एवं अन्य जनपदीय अधिकारी लगातार संपर्क में रहकर आवश्यक निर्देश देते रहेंगे।

3. मौके पर टीम लीडर द्वारा वास्तविक भौगोलिक स्थिति का पुनः आंकलन कर Entry and Exit Points, Escape Routes को सुरक्षित कर टीम मेंबर्स को उनके कार्य के सम्बन्ध में ब्रीफ किया जाये।

4. आवश्यकतानुसार अस्लाहों का प्रयोग किया जाये।

दबिश के उपरान्त गिरफ्तारी/घटना पर कार्यवाही-

1. अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेशों का अक्षरशः पालन किया जाये।

2. पुलिस अथवा अभियुक्त के घायल होने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित कर घायलों को मेडिकल सहायता हेतु रवाना किया जाये।

3. अभियुक्त के भागने की स्थिति में टीम लीडर द्वारा तत्काल सर्व सम्बन्धित को सूचित कर कार्य आबंटित कर्मियों से अभियुक्त का पीछा कराया जाये।

4. टीम लीडर द्वारा अभियुक्त के भागने की सूचना कन्ट्रोल रूम को भी तत्काल देकर सम्बन्धित बैरियर्स पर Checking/Frisking कराई जाये।

5. अभियुक्त तथा गिरफ्तारी स्थल के आस-पास की गहन तलाशी व्यावसायिक दक्षता से करायी जाये।

6. घटनास्थल को संरक्षित कर प्रदर्शों को टीम के सदस्यों से संकलित कराया जाये।

7. अभियुक्त की गिरफ्तारी पर नियमानुसार कारण गिरफ्तारी से अभियुक्त/परिजनों को सूचित कराया जाये तथा अभियुक्त का मेडिकल परीक्षण भी अवश्य कराया जाये।

8. आवश्यकतानुसार घटना के क्षेत्राधिकार वाले थाने पर नियमानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट भी अंकित कराई जाये।

# कार खरीदने जा रहे हैं तो सावधान रहें, यहां सेल्समैन ने ग्राहकों से लाखों ठगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की 25 जनवरी : किसी शोरूम से कार खरीदने का मन है तो जरा सावधान रहें। कहीं ऐसा न हो कि कार बुकिंग और एआरटीओ में रजिस्ट्रेशन के नाम पर आपको ठग लिया जाए। हरिद्वार के रुड़की में कई लोगों के साथ यही हुआ है। यहां एक कार शोरूम का कर्मचारी कार बुकिंग और एआरटीओ में रजिस्ट्रेशन कराने की आड़ में लोगों को ठग रहा था। उनसे लाखों रुपये की ठगी कर ली। ग्राहकों ने इसकी शिकायत शोरूम मालिक से की तो ठगी का पता चला। पुलिस ने कार शोरूम मालिक की तहरीर पर कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सिविल लाइंस कोतवाली इलाके की है। यहां दिल्ली रोड पर राघव ओबरॉय का एक कार शोरूम है। राघव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके शोरूम पर दीपक कुमार निवासी कालसी गंगोह सहारनपुर व हाल निवासी न्यू आर्दश नगर, रुड़की कार सेल्समैन के पद पर तैनात था। आरोप है कि दीपक ने शोरूम में नौकरी करते समय ग्राहकों को कंपनी के गलत दस्तावेज दिखाकर कार बुकिंग, एआरटीओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन आदि काम कराने के नाम पर 20,06,800 रुपये की ठगी कर ली।ग्राहकों ने इसकी शिकायत शोरूम में की तो मामले की जांच कराई गई। जांच में पता चला कि आरोपी पूरी रकम अपने खाते में जमा करवाता रहा, जबकि कंपनी के खाते में कुछ ही रकम डाली। दीपक से ग्राहकों की रकम वापस करने को कहा गया तो वो बहाने बनाने लगा। आरोपी सेल्समैन पर लाखों की ठगी का आरोप है। शोरूम मालिक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।




# ठंडा मौसम स्ट्रोक के खतरे को कैसे बढ़ाता है, स्पेशलिटी डॉक्टर की सलाह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 जनवरी : स्ट्रोक भारत में मृत्यु दर और अस्वस्था का एक प्रमुख कारण है, जो मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण और विकलांगता का पांचवां प्रमुख कारण है। स्ट्रोक के संकेतों और लक्षणों के साथ-साथ परिवर्तनीय जोखिम कारकों को जानने से स्ट्रोक के जोखिम और स्ट्रोक के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने में मदद मिल सकती है। यह नया सहसंबंध इस बात पर प्रभाव डाल सकता है कि जोखिम वाले मरीज और देखभाल करने वाले मौसम परिवर्तन पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं और उचित सावधानी बरतते हैं।

स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क में रक्त वाहिका फट जाती है और खून बहने लगता है या जब मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति में रुकावट आ जाती है। टूटना या रुकावट रक्त और ऑक्सीजन को मस्तिष्क के ऊतकों तक पहुंचने से रोकती है। परिणामस्वरूप, मस्तिष्क की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और ऑक्सीजन की कमी होने पर कुछ ही मिनटों में मरने लगती हैं।

कैसे ठंडा मौसम स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाता हैः

अनुसंधानो से पता चला है कि स्ट्रोक दर में एक मौसमी पैटर्न का संकेत देता है, सर्दियों के महीनों के दौरान इसकी घटनाएं अधिक होती हैं। इस बढ़े हुए जोखिम में कई कारक योगदान करते हैंःवाहिकासंकुचन और बढ़ा हुआ रक्तचापः ठंडे तापमान के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है - जो स्ट्रोक का एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। रक्त का थक्का बननाः ठंड के मौसम में प्लेटलेट एकत्रीकरण की संभावना बढ़ जाती है, जिससे रक्त का थक्का बनने की ओर संतुलन बिगड़ जाता है। रक्त वाहिकाओं में यह रुकावट स्ट्रोक का कारण बन सकती है।

• आर्द्रता और निर्जलीकरणः ठंड के मौसम में शुष्कता और कम प्यास के कारण निर्जलीकरण




होता है, जो रक्त का थक्का बनने का एक ज्ञात जोखिम कारक है।

• सूर्य के प्रकाश के संपर्क में कमीः सूर्य के प्रकाश के संपर्क में कमी, जो सर्दियों में आम है, एक गतिहीन जीवन शैली से जुड़ा हुआ है, जिससे स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

• प्रणालीगत संक्रमणः ठंड के मौसम में बुजुर्गों में गंभीर प्रणालीगत संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, जिससे स्ट्रोक के प्रति उनकी संवेदनशीलता और बढ़ जाती है।

सावधानियाँःजीवनशैली में परिवर्तन स्ट्रोक को पूरी तरह से रोकने में सहायक नहीं हो सकते हैं। हालांकि, इनमें से कई परिवर्तन स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में एक महत्वपूर्ण अंतर कर सकते हैं। कुछ इस प्रकार के सुधार निम्नलिखित हैंः

• धूम्रपान छोड़नाधूम्रपान रक्तचाप बढ़ाता है, रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम करता है और रक्त के थक्कों के निर्माण को बढ़ावा देता है।

• शराब का उपयोग सीमित करनाभारी शराब के सेवन से आपका रक्तचाप बढ़ सकता है, जिससे स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है।

• मध्यम वजन बनाए रखनाअधिक वजन और मोटापा आपको अन्य स्वास्थ्य स्थितियों के जोखिम में डालता है और स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाता है।

• नियमित जांच करानाउच्च रक्तचाप, मधुमेह और उच्च कोलेस्ट्रॉल स्तर जैसी पहले से मौजूद स्वास्थ्य स्थितियों में स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के लिए समय-समय पर नियमित जाँच करने की आवश्यकता होती है।

इसके अलावा, अत्यधिक सर्दियों में, उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों पर कड़ी नज़र रखना महत्वपूर्ण है। उनके आहार की निगरानी करना, सोडियम का सेवन सीमित करना और यह सुनिश्चित करना कि वे गर्म रहें, एक महत्वपूर्ण सावधानी हैं।

आप स्ट्रोक की पहचान कैसे कर सकते है ?

स्ट्रोक की चेतावनी संकेतों को पहचानने में तेज रहें जिसके लिए निम्नलिखित कुछ कुछ टिप्स हैंः

F (चेहरे का विचलन)

जैसे ही रोगी मुस्कुराता है, उसके चेहरे के एक या दोनों तरफ झुकने के लक्षण देखें, जो मांसपेशी पक्षाघात या कमजोरी का संकेत है।

A (बांहों की कमजोरी):

स्ट्रोक के रोगियों में एक पक्ष पर मांसपेशियों की कमजोरी सामान्य है। उनसे यहां कहें कि वे अपने हाथ ऊपर करें अगर उनकी एक-तरफ़ी कमजोरी है (और इसे पहले नहीं थी ), तो एक बांह ऊपर रहेगी जबकि दूसरी नीचे गिर जाएगी।

S (बोलने में परेशानी ):

स्ट्रोक के कारण अक्सर लोग बोलने की क्षमता खो देते हैं, जिससे उन्हें अपने शब्द ग़लत बोलने लगते हैं या सही शब्द चुनने में कठिनाई होती है।

T (प्रतिक्रिया का समय):

तुरंत मदद प्राप्त करें क्योंकि सही समय पर उपचार प्राप्त करना बहुत आवश्यक है।

लेखकः डॉ. शमशेर द्विवेदी, डायरेक्टर , न्यूरोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून

# बीवी का गम बिरयानी ने किया कम, बंदे ने आत्महत्या रोकी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जनवरी , कहते हैं कि एक मर्द की खुशी का रास्ता उसके पेट से होकर गुजरता है। कोलकाता में एक ऐसे ही व्यक्ति से पुलिस का पाला पड़ गया। दरअसल, एक व्यक्ति को उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी साथ में उसे कारोबार में घाटा भी बहुत हुआ था। इससे परेशान होकर उसने आत्महत्या करने का मन बना लिया। इसके बाद वह मरने के लिए शहर के सबसे व्यस्त इलाके में एक पुल पर चढ़ गया फिर वह आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। शख्स के ड्रामे को देख पुलिस भी वहां आ गई और उसे बहुत समझाने-बुझाने का प्रयास करने लगी। लेकिन शख्स मानने को तैयार नहीं था। फिर पुलिस को उसकी बेटी से पता चला कि शख्स को बिरयानी बहुत पसंद है। फिर क्या था पुलिस ने उसे बिरयानी और नौकरी का लालच दिया। इसके बाद शख्स पुल से नीचे उतर गया और सुसाइड का प्लान कैंसिल कर दिया।



शख्स मरने के लिए पुल पर चढ़ा

यह अजीबोगरीब घटना इसी हफ्ते की है जब पुलिस को सूचना मिली कि एक आदमी शहर के व्यस्त इलाके में एक पुल पर आत्महत्या करने के लिए चढ़ा हुआ है। जब पुलिस वहां पहुंची तो आदमी मरने के लिए पुल पर चढ़ा हुआ था और वह बार-बार वहां से कूदने की धमकी दे रहा था। शख्स की पहचान इलाके के ही 40 वर्षीय निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने आगे बताया कि वह अपनी बेटी के साथ अपने दो पहिया वाहन से साइंस सिटी से होकर कहीं जा रहा था। उसने अचानक अपनी गाड़ी पुल के सामने रोकी और बेटी से बोला कि मेरा फोन कहीं गिर गया है। मैं देखकर आता हूं। इसके बाद वह पुल पर चढ़ गया और वहां से कूदने की धमकी देने लगा।

कुछ ऐसे बची जान

शख्स की हरकतों की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आपदा प्रबंधन समूह और अग्निशमन विभाग के कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शख्स से बातचीत शुरू की लेकिन जब वह नहीं माना तो उसकी बेटी से पुलिस ने बात की। बेटी ने बताया कि उसके पिता डिप्रेशन में हैं और उसकी मां भी उसके पिता को छोड़कर चली गई है। फिर पुलिस ने शख्स को बिरयानी और नौकरी का लालच दिया। जिसके बाद वह शख्स पुल से नीचे उतरा।

# इस ऑमलेट को खाने पर मिलेंगे 50 हजार रुपए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 जनवरी : दुनिया में कई तरह के फूडी आपने देखे होंगे. इन फूडी लोगों के लिए सोशल मीडिया पर कई तरह के चैलेंज सामने आते हैं. हाल ही में गुरुग्राम के एक फूड स्टॉल ओनर ने भी लोगों को अजबगजब फ़ूड चैलेंज दिया है. इस शख्स ने दावा किया है कि अगर कोई उसके द्वारा बनाए गए स्पेशल चीज ऑमलेट को दस मिनट में खत्म कर दिया तो वो उसे पचास हजार रुपये का इनाम देगा।

इस ख़ास ऑमलेट को बनाने का तरीका भी शख्स ने सोशल मीडिया पर शेयर किया. इस ऑमलेट की मेकिंग देखने के बाद सभी हैरान रह गए. इस खास ऑमलेट को बनाने वाले का दावा है कि इसे खाने के बाद आपको अगले पांच दिन तक भूख नहीं लगेगी. शख्स का कहना है कि चैलेंज शुरु करने के बाद से अब तक किसी ने इसे पूरा नहीं किया है. कोई भी दस मिनट में इसे खत्म नहीं कर पाता है.

इस ऑमलेट को बनाने में 15 अंडे का इस्तेमाल किया जाता है. एक पूरे अमूल बटर के पैकेट में इस अंडे को पकाया जाता है. इसमें काफी मात्रा में चीज, पनीर और कई सब्जियां



मिलाई जाती है. ऑमलेट में चार ब्रेड भी लगाए जाते हैं. एक बार जब ऑमलेट तैयार हो जाती है तब इसके ऊपर एक और पूरे पैकेट बटर को पिघला कर डाला जाता है.

गुरुग्राम के हुडा मार्केट में राजीव ऑमलेट ने इस चैलेंज को शुरू किया है. इसकी कीमत रखी गई है चार सौ चालीस रुपए. यानी चार सौ चालीस का ये ऑमलेट आपको पचास हजार कमाने का मौका दे सकता है. इस चैलेंज का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इसे देखने के बाद लोगों ने कमेंट में लिखा कि इस ऑमलेट के साथ पचास हार्ट अटैक भी फ्री मिलेंगे. एक ने लिखा कि इस तरह के अनहेल्दी फ़ूड को प्रमोट नहीं करना चाहिए. इतना बटर हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता.

## संपादकीय

# बेतुकी सुरक्षा परिषद

दुनिया की सबसे बड़ी आबादी, 142 करोड़ से अधिक, वाला देश भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी, वीटोधारक सदस्य नहीं है, यह बहुत बेतुकी बात है। ऐसी टिप्पणी कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राजनयिक कर चुके हैं, लेकिन इस बार दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति एलन मस्क ने यह टिप्पणी की है, तो उसे गंभीरता से लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया इस पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां कर रहा है और भारत की दावेदारी का पक्षधर है। एलन मस्क का सुरक्षा परिषद से कोई प्रत्यक्ष सरोकार नहीं है, लेकिन मस्क मौजूदा दुनिया के एक बेहद प्रभावशाली नागरिक हैं। संयुक्त राष्ट्र के गठन के करीब 80 साल बाद मस्क भी चिंतन कर रहे हैं कि विश्व के यथार्थ के संदर्भ में सुरक्षा परिषद सरीखी संस्थाओं का क्या योगदान और प्रासंगिकता है? भारत सिर्फ सबसे अधिक आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि विश्व के औसतन 5 लोगों में एक भारतीय है, भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान की तरफ बढ़ रही है और वह शीघ्र ही 5 ट्रिलियन डॉलर का राष्ट्र होगा, भारत उत्पादन और निर्माण में सबसे बड़ा बाजार है, क्या ऐसे देश को नजरअंदाज किया जा सकता है? संयुक्त राष्ट्र के गठन के बाद सुरक्षा परिषद को जब भी बनाया गया होगा, तभी से अमरीका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस ही उसके स्थायी और वीटोधारक सदस्य-देश हैं और पांचों ही आपस में गिट्टियां खेलते रहते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि वे पांच स्वयंभू चौधरी हैं, जो एक साथ बैठ कर पूरी दुनिया के फैसले लेते रहते हैं। रूस की 'अवैधता' पर तो सवाल किए जाते रहे हैं। दरअसल सोवियत संघ स्थायी सदस्य था। उसके विघटन के बाद रूस को सदस्यता स्थानांतरित कर दी गई, क्योंकि रूस सोवियत संघ का सबसे बड़ा देश था। सुरक्षा परिषद का यह कैसा संविधान और नियम है? बहरहाल पांच में से तीन की आर्थिक, व्यापारिक, संगठनात्मक ताकत से ज्यादा भारत आज के बहुध्रुवीय विश्व में प्रभावशाली है। संयुक्त राष्ट्र अथवा सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्धों में हस्तक्षेप कर शांति-स्थापना में नाकाम रही है। इजरायल-हमास युद्ध एक स्थायी समाधान, युद्धविराम की स्थिति तक पहुंचने वाला था, लेकिन अमरीका ने 'वीटो' के जरिए उस प्रस्ताव को ही खारिज करवा दिया। चीन भारतीय हितों के लिए अवरोधक बना रहा है और 'वीटो' के जरिए पाकिस्तान के घोषित आतंकियों और आतंकी संगठनों को बचाता रहा है। चीन अमरीका-विरोधी और रूस-समर्थक है, लिहाजा यूक्रेन युद्ध को विराम देने वाले प्रस्ताव नाकाम होते रहे हैं। चीन ही भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध करता रहा है। भारत ने जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। भारत हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र के 'क्वाड' संगठन का सदस्य है, जिसमें अमरीका, जापान, ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। करीब 80 साल के बाद संयुक्त राष्ट्र के ढांचे और कार्यप्रणाली में सुधार और बदलाव किए जाने चाहिए, यह प्रस्ताव 2015 में संयुक्त राष्ट्र की ही 193 सदस्यीय आम सभा में पारित किया जा चुका है, लेकिन फिर भी यथास्थिति ही है। भारत ने अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में इस सदस्यता के लिए कई अंतरराष्ट्रीय कोशिशें कीं। ये प्रयास डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी जारी रहे। गौरतलब है कि जब 2008 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन भारत आए थे, तब उन्होंने साझा प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि यदि भारत सुरक्षा परिषद की मेज पर नहीं है, तो दुनिया की बहुत सी समस्याएं कभी नहीं सुलझेंगी।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# देश हमारा आगे बढ़ रहा है : व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज मैसोन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 जनवरी : दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल रजि. देहरादून द्वारा मिशन स्कूल में सभा का आयोजन किया गया जिसमे 108 ब्राह्मणों द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया जिसके बाद सभी ब्राह्मणों को मुख्यमंत्री द्वारा दक्षिणा एवं कम्बल बांटे गए जिसके पश्चात ब्राह्मणों द्वारा हवन कर भव्य सुंदर काण्ड पाठ का समापन किया और कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा भव्य राम मंदिर की प्रति मूर्ति का अनावरण किया और ब्राह्मणों द्वारा मंत्र उच्चारण किया गया जिसके पश्चात रंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई और उसके पश्चात कलाकारों द्वारा भव्य झांकी प्रस्तुत की गई और उसके पश्चात कलाकारों द्वारा भव्य रामायण का मंचन प्रस्तुत किया गया जिसके पश्चात देहरादून के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन किया गया।



जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अपने संबोधन में सभी आये हुए अथितियो एवं नगरवासियों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई एवं शुभकामनाए दी। जिसके पश्चात व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज मैसोन द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को शाल एवं राम मंदिर एवं राम दरबार का प्रतिरूप भेट किया। जिसके पश्चात आये हुए सभी अतिथियों को पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा राम मंदिर का प्रतिरूप भेट कर सम्मानित किया गया जिसमे सम्मान प्राप्त करने वालो में पूर्व बार काउंसिल के अध्यक्ष पृथ्वी राज चौहान, राज्य मंत्री विश्वास डाबर, पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष अशोक वर्मा, पूर्व राज्यमंत्री शमशेर सत्याल, राजपुर विधायक खजान दास , पूर्व राज्यमंत्री रविन्द्र कटारिया, (CAPT)जगदीश रावत, साधना, डॉ भट्ट आदि को राम मंदिर का प्रतिरूप देकर सम्मनित किया

जिसके पश्चात कार्यक्रम का समापन भव्य देसी घी के भंडारे से हजारो लोगो को भोज कराया गया इसके बाद हनुमान जी के प्रतिरूप के साथ एवं राममंदिर के बड़े भव्य प्रतिरूप के साथ पुरे नगर में जिप में सवार होकर भव्य यात्रा निकली गई एवं सभी व्यपारियो के सहयोग और साथ जो की समय समय पर दून वैली महानगर उधोग व्यापार मंडल को अपार स्नेह और प्यार मिलता रहता हैं उसके लिए धनयवाद किया। दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा 23/01/2024 को राजीव गांधी इकाई द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे व्यापार मण्डल मुख्य संरक्षक अशोक वर्मा एवं अध्यक्ष पंकज मैसोंन को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर संरक्षक सुशील अग्रवाल, रवि मल्होत्रा, विश्वनाथ कोहली, संतोष कोहली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर फुलारा, उपाध्यक्ष हरीश विरमानी, महामंत्री पंकज डीडान, मंत्री विनय नागपाल, कोषाध्यक्ष राकेश किशोर गुप्ता, युवा उपाध्यक्ष मनीष मोनी, मोहित मेहता युवा महमंत्री दिव्य सेठी, युवा कोषाध्यक्ष नितेश मल्होत्रा, युवा सह कोषाध्यक्ष रजत गुप्ता, उपाध्यक्ष विनीत मिश्रा, उपाध्यक्ष रोहित बहल, उपाध्यक्ष बलदेव पराशर, उपाध्यक्ष राम कपूर, उपाध्यक्ष राजीव सच्चर, संयोजक तीरथ सचदेवा, राजेश गोयल, युवा सहकोशाध्यक्ष रजत गुप्ता, युवा कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, संयोजक सन्नी कुमार, गोपाल कपूर, सुरेश गुप्ता, सचिन डोरा, हरमिंदर सिंह चढ्ढा, संगठन सलाहकार संजय गर्ग, दीपू नागपाल,श्याम सिंह, जसपाल बंटी, ज्योति नरूला, अनिल सुदी, संजय आनंद, पुनीत सहगल, अशोक अग्रवाल, मनीष कुलेथा, केवल कुमार, भरत गुलाटी, हेम रस्तोगी, आनंद गर्ग, सुमित कोहली, मित्तल जी, मधुर शर्मा, पियूष अरोड़ा, कुलदीप, सचिन गोयल, अंकित गुप्ता, अमरजीत, अमरदीप सिंह, भुवन पालीवाल , अंकित वासन, संजीव श्रीवास्तव, सौरभ गंभीर, राजेश श्रीवास्तव, आशीष मल्होत्रा, नवीन अरोड़ा, सुरेन्द्र जैसवाल, अमर संस, प्रवीण जैन, राशिद, सुरेन्द्र भाटिया, सचिन जैन, परवीन मित्तल, देवेद्र साहनी, मोहन लाल गर्ग, मिंटू बत्रा, संजय कुकरेजा, आदि मौजूद रहे

# खनन के दौरान होगी वीडियोग्राफी धामी कैबिनेट के फैसले पढ़िए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 25 जनवरी , देहरादून में धामी कैबिनेट की बैठक हुयी जिसमे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कई फैसले लिए गए, जिसकी जानकारी मुख्य सचिव एस एस संधू ने दी। आइये पढ़ते हैं बड़े फैसले -

जादूग गाँव मे वाइब्रेट विलेज़ योजना के तहत अब वहा के स्थानीय निवासियों को होम स्टे के लिए प्रोत्साहित करेगी स्थानीय लोग पलायन कर गए थेऊर्जा विभाग मे लखवाड़ ब्यासी योजना मे छोटे काम स्थानीय लोग लोकल सोसाइटी के माध्यम से कर सकेंगे 10 लाख तक का रहेगा बजट

कोविड के तहत कई काम हुए पुराने बिल पेंडिंग है 50 प्रतिशत से ज्यादा खर्चा केंद्र की आपदा मद से होगा एक महीने मे होगा भुगतानपंचायती राज विभाग मे 2 से अधिक बच्चे के मामले मे चुनाव नहीं लड़ने दिया जाता था लेकिन अगर किसी का दूसरा बच्चा टवीन हो गया तो उसे केवल एक ही बच्चा माना जाएगागन्ना मूल्य 20 रूपये बढ़ाये गए प्रति कुंतल अगेती 375 और सामान्य की 365 मूल्य रखा गयाहॉउस ऑफ़ हिमालय ब्रांड को लेकर बड़ा फैसला आज हुआ फैसला सरकार बनाएगी कम्पनी, सोसाइटी काम नहीं करेगी।

आबकारी नीति को लेकर आज फैसला नहीं हुआसहायक अभियंताओं को वाहन भत्ता अनुमान्य किया गया 4 हजार मिलेंगेअधिकारियो और कर्मचारियो के वाहन भत्ते मे भी बदलावचाइल्ड केयर लीव मे अब 2 साल मे 100 प्रतिशत वेतन मिलेगाव्यक्तित्व सहायक सवर्ग मे 4800 का पे स्केल मिलेगाखनन विभाग मे बड़ा फैसला ड्रेजिंग को लेकर हुआ फैसला, फोटो ग्राफ़ी होगी वीडियो ग्राफ़ी होगी ताकि कोई ज्यादा खनन ना कर सकेखनन विभाग मे फैसला इनका 7 अतिरिक्त पदों को लेकर फैसला हर जिले मे एक डिस्टिक माइनिंग ऑफिसर में होगा देहरादून पुरानी जेल परिसर मे बार संगठन को 5 बीघा जमीन 30 साल के लिए लीज मे दिया गयापशु चिकित्सा सेवा नियमावली मे संशोधनमत्स्य विभाग मे जलाशयों की नीलामी अब 10 साल के लिए होगीखेल विभाग मे अब खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण के लिए विधानसभा मे लाया जाएगा विधेयकसाहसिक पर्यटन मे विषय विशेषज्ञ के पद को लेकर अब नियमों मे शिथिलिकरण दिया जाएगा।

# उत्तराखंड में बदलेगा मौसम, इन जिलों में येलो अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी 25 जनवरी : कड़ाके की ठंड के लिए तैयार हो जाइए। उत्तराखंड में मौसम फिर बदलने वाला है। प्रदेश में 25 जनवरी तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। 26 जनवरी को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में हल्की वर्षा-बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। इसके साथ ही गलन भी बढ़ने वाली है। प्रदेश के उधमसिंह नगर जिले में जिला प्रशासन के निर्देश पर आंगनबाड़ी एवं कक्षा एक से आठवीं तक के सभी सरकारी व निजी विद्यालय बंद रहे।

चंपावत के टनकपुर क्षेत्र के स्कूलों में तीन दिन तक का अवकाश घोषित किया गया है। राज्य में कोहरे की समस्या बनी हुई है। इसके कारण हवाई सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने बीते दिन हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर समेत आसपास के मैदानी क्षेत्रों में मध्यम से घना कोहरा छाने और शीत दिवस की स्थिति बने रहने का येलो अलर्ट जारी किया है।


बीते दिन दून समेत पर्वतीय इलाकों में चटख धूप खिली, जिससे लोगों को काफी राहत मिली, हालांकि मैदानी इलाकों में ठिठुरन बरकरार है। यहां कोहरे के चलते वाहन धीमी रफ्तार से चलते दिखे। पर्वतीय क्षेत्रों में बादल विकसित हो सकते हैं। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ व बागेश्वर में चोटियों पर हिमपात हो सकता है। कहीं-कहीं हल्की वर्षा के आसार हैं। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।




# उत्तरप्रदेश स्थापना दिवस पर राज्यपाल मुख्यमंत्री और प्रदेशवासियों को शुभकामनायें : चिदानन्द सरस्वती

■ सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाले विलक्षण योद्धा थे कर्पूरी ठाकूर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ऋषिकेश, 25 जनवरी , परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने उत्तरप्रदेश के 75 वें स्थापना वर्ष के अवसर पर माननीय राज्यपाल नन्दी बेन पटेल जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेशवासियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि उत्तरप्रदेश वास्तव में उत्तमप्रदेश है जो सप्तपुरी के प्रथम नगर अयोध्या, शिव की नगरी काशी और त्रिवेणी संगम को अपने गोद में लिये सनातन संस्कृति का शंखनाद कर रहा है। प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा वास्तव में इस दिव्य प्रदेश की इबारत के स्वर्णिम हस्ताक्षर है।स्वामी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश में चहुमुखी विकास हो रहा है; यह दिव्य प्रदेश भव्यता को प्राप्त कर कर रहा है।

स्वामी जी ने बिहार के 11 वें मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकूर जी के जन्मदिवस के अवसर पर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये कहा कि भारत सरकार द्वारा उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''भारत रत्न'' से नवाज़ा जा रहा है जो गौरवान्वित करने वाले पल है।स्वामी जी ने कहा कि कर्पूरी ठाकूर जी सामाजिक न्याय का अलख जगाने वाले विलक्षण योद्धा थे। उनकी 100 वीं जयंती पर भारत सरकार की ओर से भारत रत्न प्रदान करना वास्तव में सामाजिक न्याय का उत्कृष्ट उदाहरण है।



राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना और उनके प्रति समाज का नजरिया बदलना अत्यंत आवश्यक है इससे कन्या भ्रूण हत्या में कमी आयेगी। बेटियों के अधिकारों का सम्मान करना, उनके अधिकारों को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि देवी स्वस्थ तो देश स्वस्थ।

स्वामी जी ने देशवासियों का आह्वान करते हुये कहा कि हम सभी को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करना होगा जहां बेटियों को घर के अन्दर व बाहर समुदाय में भेदभाव व भय का सामना न करना पड़े। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा बेटियों के कल्याणार्थ शुरू की गयी योजनाओं का स्वागत किया। स्वामी जी ने कहा कि वर्तमान समय सभी पूर्वाग्रहों से उपर उठकर सभी के लिये समानता व सम्मान का वातावरण निर्मित करने का है।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएसएस की छात्राओं ने मनाया बालिका दिवस

काशीपुर। चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने कविता, भाषण, नृत्य, स्लोगन आदि प्रस्तुत किए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं। यहां कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता मेहरा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजू सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. मंगला, डॉ. रंजना,डॉ. पुष्पा धामा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. मीनाक्षी पंत आदि मौजूद रहे।

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति के लिए सुदृढ़ लोकतंत्र आवश्यक है और लोकतंत्र की सुदृढ़ता का आधार मतदाता है। मतदाता अपने विवेक के आधार पर निर्भीकता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की सुदृढ़ता में अपना अमूल्य सक्रिय योगदान दें। राज्यपाल ने कहा कि मतदान करना, अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य भी है। मतदान करके लोग निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी भागीदारी करते है। मतदान से देश का लोकतंत्र और अधिक शक्ति सम्पन्न होता है। सभी जागरूक नागरिकों की यह भी नैतिक जिम्मेदारी है कि वे प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची को सही और अपडेट रखने में निर्वाचन आयोग को अपना सहयोग दें । राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता तभी होगी जब सभी लोग मतदान करेंगे। देश की प्रगति के लिए सबको मिलकर वोट देना चाहिए। मतदान सभी का संवैधानिक अधिकार है। इसका उपयोग सभी लोगों को स्वेच्छा के साथ करना चाहिए। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि आने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें।

### काशीपुर चीनी मिल की सीबीआई जांच की मांग

काशीपुर। हिंद मजदूर सभा के प्रदेशाध्यक्ष वेद प्रकाश विद्यार्थी ने एक फैक्ट्री समेत काशीपुर में बंद पड़ी चीनी मिल की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विद्यार्थी ने कहा कि 16 नवंबर 2013 से काशीपुर चीनी मिल को सील कर दिया गया था। आज तक भारत सरकार और राज्य सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। 75 मजदूर-कर्मचारी भूखमरी तथा बीमारी के कारण मर गए। 42 करोड़ रुपये का भुगतान आज तक मजदूरों को नहीं हुआ।

### चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह की सजा

काशीपुर। तृतीय अपर सिविल जज की अदालत ने चेक बाउंस के एक केस में सुनवाई करते हुए आरोपी को तीन माह की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। आस्था बीज कंपनी, काशीपुर के डायरेक्टर संदीप गोयल ने अपने अधिवक्ता शुभम सिंघल के माध्यम से न्यायालय में परिवाद दायर किया था कि मौर्य सीड्स के प्रोपराइटर अरुण कुमार मौर्य ने परिवादी की फर्म से 11.60 लाख रुपये का गेहूं का बीज उधार लिया था। भुगतान मांगने पर अरुण मौर्य ने परिवादी को इस राशि का एक चेक दिया। चेक भुगतान के लिए बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी को नोटिस भेजा। जवाब ने मिलने पर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में 138 एनआई एक्ट के तहत परिवाद दायर किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एसीजे तृतीय हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी अरुण कुमार मौर्य को तीन माह के कैद की सजा सुनाई है।